
शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। विदेशी निवेशकों की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी मामूली तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 31.61 अंक यानी 0.04 प्रतिशत चढ़कर 81,911.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 82,325.61 अंक के ऊपरी और 81,576.15 अंक के निचले स्तर तक गया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 44.30 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,299.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, पावर ग्रिड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 12,563.33 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.44 प्रतिशत गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार में कारोबार लगभग स्थिर रहा। वित्तीय और रियल्टी शेयरों में खरीदारी ने सूचना प्रौद्योगिकी, दैनिक उपभोग के सामान और वाहन कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली के असर को संतुलित किया। विदेशी निवेशकों की मजबूत लिवाली से बाजार को सहारा मिला। नायर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से अर्थव्यवस्था को राहत मिली, लेकिन वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उतार-चढ़ाव और अमेरिका में महंगाई के ऊंचे आंकड़ों के कारण वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल और ब्याज दरों को लेकर चिंता बनी रही। इससे बाजार में व्यापक तेजी सीमित रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 772.75 अंक बढ़त के साथ 81,879.40 अंक और निफ्टी 210.40 अंक चढ़कर 25,255.05 अंक पर बंद हुआ था, जो करीब नौ महीने का उच्चतम स्तर था।

रियलमी का सर्विस नेटवर्क 550 से अधिक शहरों में फैला

नई दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने भारत में अपने आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क का विस्तार करते हुए 550 से अधिक शहरों में 670 से ज्यादा सर्विस सेंटर स्थापित किए हैं। कंपनी के अनुसार, यह सुविधा 16 नवंबर से देशभर के ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। इस विस्तार के लिए रियलमी, ओप्पो के मौजूदा सर्विस इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करेगी। कंपनी ने बेहतर तकनीकी सहायता के लिए 1500 से अधिक प्रमाणित इंजीनियरों की टीम भी तैयार की है। सभी मरम्मत कार्यों में 100 प्रतिशत ओरिजिनल स्पेयर पार्ट्स का इस्तेमाल किया जाएगा।

सिग्निफाई ने स्मार्ट वॉटर और रूम हीटर लॉन्च किए

नई दिल्ली। सिग्निफाई ने भारत में अपने ईकोलिंक पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए स्मार्ट वॉटर हीटर और ऑयल-फिल्ड रेडिएटर (ओएफआर) रूम हीटर लॉन्च किए हैं। नई रेंज में स्टोरेज और इंस्टेंट वॉटर हीटर शामिल हैं। थर्मोक्काड स्मार्ट वॉटर हीटर में विज़ ऐप कनेक्टिविटी के साथ अमेजन एलेक्सा, गूगल असिस्टेंट और एप्पल सिरी के जरिए वॉयस कंट्रोल की सुविधा मिलेगी। यह 15 और 25 लीटर की क्षमता में उपलब्ध है। वहीं, विंटरकम्फर्ट ओएफआर रूम हीटर में सुपर टर्बो पीटीसी हीटिंग तकनीक, कई हीटिंग मोड और सुरक्षा फीचर्स दिए गए हैं। कंपनी के अनुसार, स्टोरेज वॉटर हीटर को पांच सितारा ऊर्जा दक्षता रेटिंग मिली है।

टर्टलमिंट ने लॉन्च किया अपना ब्रांड अभियान

मुम्बई। टर्टलमिंट इंश्योरेंस ब्रोकर्स ने अपने त्योहारी ब्रांड प्रचार अभियान अर्ली दिवाली टर्टलमिंट वाली की शुरुआत की है। टर्टलमिंट इंश्योरेंस, टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड की सहायक कंपनी है। गौरतलब है कि कंपनी इस अभियान के तहत, अपने पॉइंट ऑफ सेल्स भागीदारों (पीओएसपी) को उनके व्यवसाय पर मिलने वाला नियमित भुगतान (बेस पेआउट) दिवाली से पहले कर रही है। पात्र भागीदारों को उनका नियमित भुगतान तय समय से पहले मिल जाएगा, ताकि वे निश्चिंत होकर त्योहारी मौसम से जुड़ी तैयारी कर सकें।

दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 23 से बिग-5 ग्लोबल प्रदर्शनी का आयोजन

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में निर्माण और शहरी विकास परियोजनाओं का दायरा और जटिलता बढ़ने के साथ भरोसेमंद सप्लाई चेन, कुशल खरीद प्रक्रिया और परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करना, इस उद्योग के लिए मुख्य प्राथमिकताएं बन गई हैं। भारत का निर्माण बाजार 2031 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और ऐसे में बुनियादी ढांचे, आवास और टिकाऊ निर्माण सॉल्यूशंस की बढ़ती मांग भारतीय निर्माताओं के लिए इन क्षेत्रीय बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के अवसर पैदा करती है। इन प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए बिग 5 ग्लोबल 23 से 26 नवंबर तक दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में फिर से आयोजित हो रहा है जो व्यवसायों को अपनी सोर्सिंग रणनीतियों का विस्तार करने और परियोजनाओं को अधिक कुशलता से पूरा करने में मदद करेगा। इस पूरे क्षेत्र में व्यापक मांग के मद्देनजर इस आयोजन में 60 से अधिक देशों के 1,800 से अधिक प्रदर्शक 55,000 से अधिक उत्पाद, सेवाएं, सिस्टम और समाधान पेश करेंगे जिनमें 70 प्रतिशत प्रदर्शक अंतरराष्ट्रीय कंपनियां होंगी। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा, भारत और संयुक्त अरब अमीरात अपनी व्यापारिक और आर्थिक साझीदारी को निरंतर मजबूत कर रहे हैं जिससे भारतीय निर्माताओं के लिए के बढ़ते क्षेत्रीय निर्माण बाजार से जुड़ने के अवसर पैदा हो रहे हैं।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय:- आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नंबर-23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

नीचे दिए गए उधारकर्ताओं ने आईसीआईसीआई बैंक से ली गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक (डिफॉल्ट) की है। इन ऋणों को 'नॉन-परफॉर्मिंग एसेट' (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

'वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002' (वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर एक नोटिस भेजा गया था। हालाँकि, यह नोटिस उन तक नहीं पहुँच सका, इसलिए इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उन्हें सूचित किया जा रहा है।

क्र.सं.	कर्जदारों/सह-कर्जदारों/गारंटीदाता का नाम/(ऋण खाता संख्या) एवं पता	सिक्योर्ड सम्पत्ति/प्रवर्तित की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण	प्रेस नोटिस की तिथि/नोटिस की तिथि को बकाया धनराशि	एनपीए दिनांक
1.	मयंक दुबे/ TBAGR00006665531/ LBAGR00006674459/ गली नंबर 3,न्यू अग्रवाल कॉलोनी,डीएन कॉलेज रोड, हिसार,हरियाणा-125001	फ्लैट नंबर मम-123, मुंबई टावर में पहली मंजिल, "उन्नति आवास योजना", गणपति वर्ल्ड-2, खसरा नंबर 3,11 और 12 मौजा बुढेरा, तहसील और जिला आगरा उत्तर प्रदेश 282001	31/10/2026 रु. 15,94,554/- रु. 49,461/-	18-अगस्त-2026

यह कदम नोटिस की 'प्रतिस्थापित तामील' के लिए उठाए जा रहे हैं। संबंधित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं और/या गारंटर/गारंटरों (जो भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशित होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान कर दें। ऐसा न करने पर, 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक :- 13 नवंबर, 2026
स्थान :- लखनऊ

अधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

हर लिहाज से अच्छा होगा अमेरिका के साथ भारत का व्यापार समझौता



विशाखापत्तनम। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ हर लिहाज से सबसे अच्छे व्यापार समझौतों में से एक करेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने इस समझौते को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत के दौरान बहुत अच्छे नतीजे हासिल किए हैं। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, हर लिहाज से भारत का अमेरिका के साथ समझौता सबसे अच्छे समझौतों में से एक होगा। भारत और अमेरिका ने इस साल फरवरी में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप दिया था। हालांकि, अमेरिका में शुल्क व्यवस्था में बदलाव के कारण इस पर फिर से बातचीत हो रही है। दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने वर्ष 2025 की शुरुआत में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने की घोषणा की थी। हालांकि, बदलती परिस्थितियों और कुछ मुद्दों पर गतिरोध के कारण अभी तक इस पर सहमति नहीं बन पाई है।

ऑर्गेनिक नट्स और सीड्स की नई रेंज पेश

मुम्बई। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के ब्रैंड ऑर्गेनिक इंडिया ने भारत में अपनी नई प्रमाणित ऑर्गेनिक नट्स और सीड्स रेंज दाखिल करने की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ ही ब्रैंड ने हर दिन के पोषण से जुड़े एक बड़े सेगमेंट में कदम रख दिया है। इस नई रेंज की शुरुआत सर्टिफाइड ऑर्गेनिक बादाम, काजू और अखरोट के साथ-साथ छह तरह के सीड्स यानी बीजों —चिया, फ्लैक्स (अलसी), कद्दू (पंपकिन), तिल (सेसमी), सूरजमुखी (सनफ्लावर) और तरबूज (वॉटरमेलन) के साथ हो रही है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांक :- 5093/2काम(बी)-गो0वृ0/26-27 दिनांक : 03.11.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क0 सं0	जनपद/खण्ड/विधान साभ का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में)	धरोहर धनराषि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	बलरामपुर/ निर्माण खण्ड	जनपद बलरामपुर में मौर्यागंज बलुआ घाट घुसवा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) चैनेज 0.000 से 18.600 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (5 वर्षीय अनुरक्षण अवधि सहित)	3400.00	50.00	11800	12 माह	ए

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.11.2026 से 28.11.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 28.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 28.11.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेबसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 28.11.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 260822 दि. 12.11.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

टाटा मोटर्स और टर्नो ने मिलाया हाथ

मुंबई। टाटा मोटर्स ने फिंजो ईवी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (टर्नो) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। टर्नो भारत की पहली बैटरी इंटेलिजेंस और लाइफसाइकिल मैनेजमेंट कंपनी है। इस समझौते का मकसद टाटा मोटर्स के इलेक्ट्रिक छोटे कमर्शियल वाहनों और पिकअप के ग्राहकों को कस्टमाइज्ड फाइनेंसिंग स्कीम देना है।

ऑर्गेनिक नट्स और सीड्स की नई रेंज पेश

मुम्बई। ऑर्गेनिक इंडिया ने नई प्रमाणित ऑर्गेनिक नट्स और सीड्स रेंज दाखिल करने की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ ही ब्रैंड ने हर दिन के पोषण से जुड़े एक बड़े सेगमेंट में कदम रख दिया है। इस नई रेंज की शुरुआत सर्टिफाइड ऑर्गेनिक बादाम, काजू और अखरोट के साथ-साथ छह तरह के सीड्स के साथ हो रही है।

आईडीबीआई में वैश्विक पहुंच वाला भारत का सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सल बैंक बनने की क्षमता

मुम्बई। कनाडा की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स का 52,878 करोड़ रुपये में आईडीबीआई बैंक का अधिग्रहण भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में एक बड़े बदलाव का रास्ता खोल सकता है। सरकार के स्वतंत्र मूल्यांकन मानक से अधिक की बोली लगाकर यह सौदा हासिल करने वाली कंपनी की योजना बैंक को बैंकिंग, बीमा, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग और वेल्थ मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में सक्रिय एक विविध वित्तीय सेवा कंपनी के रूप में विकसित करने की है। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। अरबपति निवेशक प्रेम वत्स के नेतृत्व वाली फेयरफैक्स ने वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया में 60.72 प्रतिशत नियंत्रण हिस्सेदारी के लिए 81 रुपये प्रति शेयर की पेशकश की। यह सरकार के 75.99 रुपये प्रति शेयर के बेंचमार्क मूल्यांकन से अधिक थी।

खुदरा महंगाई अक्टूबर में दो साल के उच्च स्तर पर, अगले महीने बढ़ सकती है रेपो दर



नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 6.09 प्रतिशत पर पहुंच गई। दो साल में पहली बार यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर गई है। इसके साथ ही दिसंबर में नीतिगत ब्याज दर में एक और बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में 5.54 प्रतिशत थी। खाद्य मुद्रास्फीति भी सितंबर के 7.74 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 8.94 प्रतिशत हो गई। उपभोग की ज्यादातर श्रेणियों में महंगाई का दबाव देखा गया। खाद्य वस्तुओं और सेवाओं सहित 12 श्रेणियों में से 11 में महंगाई दर बढ़ी। रेस्तरां और आवास सेवाओं में खुदरा महंगाई 10.06 प्रतिशत, खाद्य एवं पेय पदार्थों में 8.51 प्रतिशत और व्यक्तिगत देखभाल तथा विविध वस्तुओं एवं सेवाओं में 10.14 प्रतिशत रही।

बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च

मुंबई। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया इक्विटी निवेश विकल्प कंपनी की ज्यादातर यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के साथ उपलब्ध होगा। इस फंड के माध्यम से निवेशकों को मजबूत वित्तीय स्थिति और शेयर की कीमतों में सकारात्मक रुझान वाली कंपनियों में निवेश करने का अवसर मिलेगा। यह इंडेक्स फंड निवेशकों को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

एजेस फेडरल ने लॉन्च किया वेल्थ इन्फिनिटी प्लान

मुम्बई। लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने वेल्थ इन्फिनिटी प्लान लॉन्च किया। यह एक यूनिट-लिंक्ड लाइफ इंश्योरेंस (यूलिप) प्लान है, जो लंबे समय में संपत्ति बनाने के साथ-साथ लाइफ इंश्योरेंस की सुरक्षा भी देता है।

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD CHINGUD KHAN से बदलकर Ehsan Zama khan रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MIYA BAKSH KHAN ADD-VILL-MANAPAR BAHERIYA POST-HUSAINABAD GRINT UTRAULA BALRAMPUR 271604

सूचना

मैने अपना नाम ATUL KUMAR SHUKLA से बदलकर ATUL SHUKLA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAVINDRA KUMAR SHUKLA ADD-VILL-DEWARIYA KHAS, BHAGHA PO:BHANGAHA HUSSAIN NAGAR DIST-GONDA-271204 (U.P.)

सूचना

पहले मेरा नाम AFAJAL AHAMAD था अब मैंने अपना नाम बदलकर AFZAAL AHMAD IQBAL AHMAD GHOSI रख लिया है भविष्य में मुझे AFZAAL AHMAD IQBAL AHMAD GHOSI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O, IQBAL AHMAD GHOSI R/O, 22/14 MOHALLA MAKHDOOMZADA RUDAULI AYODHYA

सूचना

मैने अपना नाम MANOJ KUMAR से बदलकर MANOJ KUMAR SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAJENDRA SINGH ADD-614/1335, SITAPUR ROAD, ANNA MARKET, PREETI NAGAR, PO-JANKIPURAM, DIST-LUCKNOW-226021 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD HADEES से बदलकर MO HADDIS रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ABDURRAHMAN ADD-RAMPUR ARNA, UTROULA, DIST-BALRAMPUR-271307 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम SAYEDA FATIMA ZEHRA से बदलकर SYEDA FATIMA ZEHRA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। D/0-SYED MOHAMMED QASIM ASHRAF ADD-544A/047N KASHAN E ASHRAF SARDAR NAGAR, BEHIND PRAGATI ASHRAM BALAGANJ PS-THAKURGANJ DIST-LUCKNOW-226003 (U.P.)

सूचना

मैने अपना नाम AFAAN SIDDIQUI से बदलकर AFFAN SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-ZIAUDDIN ADD-CIVIL LINE BEGUMGANJ, DIST-BARABANKI-225001 (U.P.)

सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD MUKEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD MOKIM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O ABDUL HANNAN VILL BALIPUR, MAHMOODPUR DISTAMETHI 227405

सूचना

मैं अमीनुद्दीन कुरेशी पुत्र अरजुमंद अली कुरेशी, 12, निचली मंडई, थाना, संडीला, हरदोई, उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। मेरे सभी दस्तवेजो में मेरा नाम अमीन उद्दीन (AMIN UDDIN) पुत्र अरजुमंद अली (ARJUMAND ALI) दर्ज है, मैने अपना नाम अमीनुद्दीन कुरेशी (AMEENUDDIN QURESHI) पुत्र अरजुमंद अली कुरेशी (ARZUMAND ALI QURESHI) से बदलकर अमीन उद्दीन (AMIN UDDIN) पुत्र अरजुमंद अली (ARJUMAND ALI) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे अमीन उद्दीन (AMIN UDDIN) पुत्र अरजुमंद अली (ARJUMAND ALI) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

पहले मेरा नाम SAHBAJ KHAN था अब मैंने अपना नाम बदलकर SHAHBAZ KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे SHAHBAZ KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O, ANSAR KHAN R/O, KARAMDEEH THANA DHANEPUR, GONDA

एआई कौशल हैकाथॉन लांच करने की घोषणा

लखनऊ। टेक्नोलॉजी कंपनी इनमोबी और उत्तर प्रदेश सरकार ने वास्तविक दुनिया की जटिल चुनौतियों के लिए अत्याधुनिक एआई सॉल्यूशंस तैयार करने में तेजी लाने के लिहाज से डिजाइन एक उच्च प्रभाव वाले सहयोगी प्लेटफॉर्म एआई कौशल हैकाथॉन 2026 को लांच करने की आज घोषणा की। भारत के राष्ट्रीय एआई विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश में रहने वाले छात्रों, स्टार्टअप्स, एक्सेलरेटरों और पेशेवरों के लिए इस आयोजन में पंजीकरण 20 नवंबर तक खुला है, जबकि ग्रैंड हैकाथॉन का फाइनल 8-9 दिसंबर को आईआईआईटी लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

बजाज जनरल इंश्योरेंस ने किया जागरूक

पुणे। बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने जमीनी स्तर पर जनभागीदारी की पहल के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पुणे ट्रैफिक पुलिस के साथ साझेदारी की है। इस पहल के तहत, कंपनी ने पुणे के येरवडा बजाज जनरल मेट्रो स्टेशन पर एक डिजिटल शाखा का उद्घाटन किया है, जिसके माध्यम से यात्रियों को मोटर बीमा से जुड़ी ज़रूरी जानकारी और सड़क दुर्घटना में सहायता से जुड़ी पहलों के बारे में जागरूक किया जाएगा। बजाज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ डॉ. तपन सिंघल ने कहा, सड़क दुर्घटना की हर घटना के पीछे सबसे पहले एक इंसानी कहानी होती है-एक पिता जो घर नहीं लौटा, एक बच्चा जो दरवाज़े पर इंतज़ार कर रहा है। बीमा का असली उद्देश्य एक वादा करना है कि ऐसे मुश्किल समय में कोई भी परिवार खुद को अकेला महसूस न करे।

एसएनवीए ट्रैवलटेक ने यूडीआरएचपी दाखिल किया

नई दिल्ली। एसएनवीए ट्रैवलटेक लिमिटेड ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस-1 (यूडीआरएचपी-1) दाखिल किया है। कंपनी अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और सेवा सहायता माध्यमों के जरिए यात्रा बुकिंग से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराती है।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड

वर्ष-38 संख्या-132563
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)
वेबसाईट- https://lmc.up.nic.in एवं ई-मेल- nnlko@up.nic.in

संख्याः-577/पी0/उ0 वि0 दिनांकः 12/11/2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक **25.11.2026** को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक **24.11.2026** तक अपराहन **2 बजे** तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है तथा नगर निगम की वेबसाइट **lmc.up.nic.in** से टेंडर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक **25.11.2026** को अपराहन **3 बजे** तक अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक **25.11.2026** को अपराहन **4 बजे** निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू0 में	धरोहर धनराशि रू0 में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18% जी0एस0 टी0	कुल निविदा मूल्य
1	जोन-03 में विवेकानन्दपुरी वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर ए में मकान संख्या बी-24 के सामने पार्क में शौचालय एवं सबमर्सिबल पम्प व इन्टरलॉकिंग टाईल्स का निर्माण	834764.00	83477.00	01 माह	835.00	150.00	985.00
2	सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अमौसी में स्थित वृहद गौशाला हेतु पौधों की आपूर्ति का कार्य।	195360.00	19536.00	15 दिवस	196.00	35.00	231.00

शर्तें 1- निविदा में प्रतिभाग करने हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक शर्ते निविदादाता को शासनादेश सं0-3890/नौ- 5- 19-149 सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा) 2- शासनादेश सं0-6738/23-7- 06-176 (सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 3-शासनादेश सं0-692/23-7-2024 दिनांक 09.08.2024 का पालन करते हुए 10 प्रतिशत निम्न तक कोई अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी नहीं ली जायेगी। यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिंग/आर0टी0जी0एस0/एन०ई0एफ0टी0/ड्यूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। 4- कार्य पूर्ण होने के 06 माह की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के उपरान्त कार्य संतोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। 5- 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। 6- किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। 7-15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा की स्वीकृति/अस्वीकृति पर निर्णय लिया जायेगा। 8- उपरोक्त शर्तों के उल्लघंन की स्थिति में नगर आयुक्त को यह अधिकार होगा कि उक्त कार्य को निरस्त कर दें तथा जनहित में निर्णय ले। 9- किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

अधीक्षक उद्यान

पिरामल फाइनेंस ने उत्तर प्रदेश में ग्रामीण ऋण सेवाओं का विस्तार किया

मुंबई। पिरामल फाइनेंस ने उत्तर प्रदेश में अपनी सेवाओं का विस्तार किया है। कंपनी ने कमलफिन कैप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही 28 ग्रामीण ऋण शाखाओं का संचालन अपने हाथ में ले लिया है। इस बदलाव के बाद पिरामल फाइनेंस इन सभी 28 शाखाओं का संचालन सीधे करेगी। कंपनी का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के सेवाएं देना, उनके साथ बेहतर संबंध बनाना और उनकी बदलती जरूरतों के अनुसार वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ग्राहकों को बेहतर सेवाएं और ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर देते हुये बताया गया कि भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता ग्रामीण परिवारों, स्वरोजगार करने वाले लोगों और छोटे व्यवसायियों की आर्थिक जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी शाखाओं का संचालन सीधे अपने हाथ में लेकर पिरामल फाइनेंस का उद्देश्य ग्राहकों को लगातार वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी जरूरतों के अनुसार व्यक्तिगत सहायता देना है।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सबअर्बन (जिला), महाराष्ट्र-400072
लखनऊ एलडीए कॉलोनी शाखा: पाल प्लाजा, अपर ग्राउण्ड फ्लोर, केबीसी 15, सेक्टर बी, कानपुर रोड, लखनऊ-226005 (उ.प्र.)

ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

क्रं.	ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/जमानतदार	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (RP)	बयाना जमा राशि (ईएमडी)(RP का 10%)	कब्जे का प्रकार
1	(लोन कोड नं. 11600001266/ लखनऊ एलडीए कॉलोनी शाखा) मोहम्मद शाहिद (ऋणी) अनीस अहमद एवं शमा नाजनीन (सह-ऋणी) सद्दाम अंसारी (जमानतदार)	13-05-2024 & ₹ 11,91,481/-	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, खसरा नं. 24 पर प्लॉट का भाग, गांव भामरौली शाहपुर, वार्ड हैदरगंज, तहसील लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश- 226001,**चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः डीगर की भूमि, पश्चिमः 12 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः शबनम की भूमि	₹ 12,92,800/-	₹ 1,29,280/-	भौतिक

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **17.12.2026** अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **2.** संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **18.12.2026 दोपहर 3.00 बजे https://bankeauctions.com** पर है। **3.** जैसा कि ऊपर बताया गया है, एचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी। **4.** डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए। **5.** नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें। **6.** इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/ signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। **7.** अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी **दिलीप सिंह जादौन (संपर्क नंबर 8319021816)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com**, फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एचएफएल/ एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है। **8.** बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.aadharhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें। **9.** नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है। **10.** यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप **AHFL** द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 13.11.2026

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी/ आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड